# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत।

## विज्ञप्ति

पत्रांक संख्या -08/2025/DLSA/BAGHPAT दिनांकः 30.01.2025

माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्रांक संख्या 688/सात-न्याय-7-2012-11/2011 दिनांकित 03.09.20212 के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत में रिक्त संविदा तृतीय श्रेणी के 02 पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2025 तक आमन्त्रित किये जा रहे हैं, जिससे सम्बन्धित अर्हता निम्नवत् हैः-

| पद का नाम | अनिवार्य योग्यता | पदों की संख्या | आयु निर्धारण | मासिक पारिश्रमिक की धनराशि (मानदेय्) |
|---|---|---|---|---|
| तृतीय श्रेणी Junior Assistant (कनिष्ठ लिपिक) संविदा के आधार पर | 1. इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण/समकक्ष<br>2. हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट तथा अग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाइप करने की योग्यता हो।<br>3. NIELIT द्वारा प्रदत्त DOECC या CCC diploma.<br>(नोटः ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में टाइप की योग्यता और आशुलिपिक का ज्ञान हो, उन्हे वरीयता दी जायेगी।) | 02 | दिनांक 15.02.2025 को 18 से 40 वर्ष के मध्य। | अंकन रूपये 10730/- प्रतिमाह (मानदेय) |

**आवश्यक निर्देशः-**

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. आवेदक का एक से अधिक जीवित पति/पत्नी नही होना चाहिए।
3. आवेदक को किसी परीक्षा में बैठने से नियुक्ति प्राधिकारी /आयोग /न्यायालय द्वारा डिबार न किया गया है।
4. आवेदक को किसी न्यायालय द्वारा किसी आपराधिक मामले में दण्डित न किया गया हों।
5. आवेदक को परीक्षा स्थल पर आने-जाने हेतु कोई मार्ग व्यय भत्ता देय नही होगा।
6. ऐसे अभ्यर्थी जो कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत से स्वेच्छा से त्यागपत्र दे चुके है वे आवेदन करने के पात्र नही होगे।
7. उक्त पदों पर चयन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की टाईपिंग व लिखित परीक्षा दिनांक 01.03.2025 को समय 11.00 बजे ए०डी०आर० भवन, न्यायलय परिसर जनपद बागपत में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत द्वारा जारी प्रवेश पत्र के साथ दिनांक 01.03.2025 को समय 10.00 बजे उक्त स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विलम्ब से उपस्थित होने वाले अभ्यार्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश नही दिया जायेगा।
8. आवेदन पत्र अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट बागपत उत्तर प्रदेश-250609 को संम्बोधित सील बन्द लिफाफे में समस्त वांछित शैक्षिक प्रमाणपत्र, पहचान-पत्र, निवास व चरित्र प्रमाण पत्र की स्व-हस्ताक्षरित छांयाप्रतियों तथा दो स्व-हस्ताक्षरित पास-पोर्ट साईज फोटो सहित दिनांक 15.02.2025 की सायं 05.00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत के कार्यालय में जमा करा सकते है अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा गलत पते पर प्रेषित आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा।
9. आवेदक का चयन शैक्षणिक योग्यता, लिखित एवं टंकण परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

10. आवेदक आवेदन पत्र के साथ एक स्वपता युक्त लिफाफा पंजीकृत डाक हेतु निर्धारित डाक टिकट लगाकर प्रस्तुत करें।
11. नियत पारिश्रमिक पर मंहगाई भत्ता या अन्य कोई भत्ता आदि देय नही होगा।
12. चयन के सम्बन्ध में अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
13. आवेदक द्वारा दी गई सूचना चयन के किसी भी स्तर पर मिथ्या पाये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।
14. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा के आधार पर कार्यभार ग्रहण करने कि तिथि से 11 महिने तक के लिए होगा। कार्यकाल की अवधि सम्यक शासनादेशों के अधीन कार्यभार सन्तोषजनक पाये जाने पर आगे बढ़ाई जा सकती है।
15. आवेदन का प्रारूप कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत के नोटिस बोर्ड से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक के मध्य प्राप्त किया जा सकता है अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाईट https://www.allahabadhighcourt.in उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की वेबसाइट https://upslsa.up.nic.in तथा जनपद न्यायाधीश, बागपत की अधिकारिक वेबसाईट https://baghpat.dcourts.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

संलग्नः आवेदन का प्रारूप।
दिनांकः 30.01.2025

30/01/2025

**(संजय कुमार मलिक)**
जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बागपत।

प्रतिलिपि-

1. जनपद न्यायालय, बागपत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. कलेक्ट्रेट, बागपत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

दिनांकः 30.01.2025

30/01/2025

**(संजय कुमार मलिक)**
जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
बागपत।

**कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बागपत में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के पद पर संविदा के आधार पर अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप**

स्व प्रमाणित
पासपोर्ट साईज
फोटो

1. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) ..............................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम (अग्रेजी के बड़े अक्षरों में)..........................................................
3. अभ्यर्थी के पिता का नाम.....................................................................................
4. अभ्यर्थी की जन्मतिथि.........................................................................................
5. दिनांक ----------- को अभ्यर्थी की उम्रः......वर्ष........माह.........दिन
6. अभ्यर्थी का लिंग (पुरूष/महिला).........................................................................
7. अभ्यर्थी की जाति.................................................................................................
   (सामान्य/अ०पि०व०/अनु०जाति/अनु० जनजाति)
8. अभ्यर्थी के पत्र व्यवहार का पता...........................................................................
   ..........................................................................................................................
9. अभ्यर्थी का स्थाई पता...........................................................................................
   ..........................................................................................................................
10. मोबाईल नम्बर....................................................................................................
11. ई-मेल आई०डी०..................................................................................................
12. अभ्यर्थी की राष्ट्रीयता..........................................................................................
13. अनिवार्य योग्यता- इण्टरमीडिएट परीक्षा एवं NIELIT/DOECC द्वारा CCC Diploma
14. शैक्षिक योग्यता **(स्व० प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे)**

| क्र० स० | परीक्षा | बोर्ड / विश्वविद्यालय | वर्ष | कुल प्राप्त प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक | श्रेणी/ प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. टंकण गति (कम्प्यूटर पर)

हिन्दी .....................शब्द प्रति मिनट
अग्रेजी......................शब्द प्रति मिनट

16. विशेष अर्हता / कार्य अनुभवः
17. यदि अभ्यर्थी को किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित किया गया हो या उसके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन हो तो उसका सम्पूर्ण विवरणः.........................................................................................
    ..............................................................................................................................
18. यदि अभ्यर्थी को किसी नियुक्ति प्राधिकारी /आयोग/न्यायालय द्वारा परीक्षा में बैठनें से डिबार किया गया हो तो उसका सम्पूर्ण विवरण.........................................................................................................
    ..............................................................................................................................

दिनांकः....................
स्थानः......................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर

**उद्घोषणा**

मै प्रमाणित करता / करती हू कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी ज्ञान से सही व सत्या है। यदि किसी भी सयम उक्त सूचनायें गलत या झूठी पाई गई तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं होगी एवं इस आधार पर मेरा अभ्यर्थन / चयन निरस्त किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नही होगी। मैने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम व शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा व सभी मुझे स्वीकार है।

दिनांकः...................

अभ्यर्थी के पूर्ण हस्ताक्षर